>

Title: Regarding connecting four raillines in Jamshedpur, Jharkhand.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं 17वीं लोक सभा में पहली बार बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ । सबसे पहले मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री भाई नरेन्द्र मोदी जी का, पार्टी के अध्यक्ष भाई अमित शाह जी का हृदय से आभार प्रकट करना चाहता हूँ, जिनके आशीर्वाद से मैं दोबारा लोक सभा में पहुँचा हूँ, साथ-साथ जमेशदपुर लोक सभा के तमाम मतदाताओं और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद करता हूँ ।

मैं अति महत्वपूर्ण चार जो रेल लाइन हैं, जो पड़ोसी राज्य को जोड़ती हैं, वर्षों से लोगों की माँग थी कि रेल लाइन बनेगी तो हमारा सुनहरा सपना साकार होगा । चांडील, पटमदा, बांधवान होते हुए झाड़ग्राम जो पश्चिम बंगाल को जोड़ता है और इसमें चार लोक सभा के सदस्य आते हैं । वहीं चाकूलिया, बहरागोड़ा, बुड़ामारा उड़ीसा को जोड़ती है, वह भी बहुत महत्वपूर्ण है । कंडरा से नामकूम टाटा को जोड़ती है । साथ-साथ जमशेदपुर से बदाम पहाड़ होते हुए क्योंझर, वर्षों पुरानी लोगों की माँग थी । यह उम्मीद है कि चारों रेल लाइन की कनेक्टिविटी हो जाएगी तो हम लोगों को सहूलियत होगी, क्योंकि यह कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण सभी लोगों को वहाँ काफी दिक्कत है । साथ-साथ एक निवेदन करना चाहता हूँ कि पूर्वोत्तर राज्य के लिए एक ही रेल जोन गार्डन रीच में है और इतने बड़े क्षेत्र में रेल का विकास काफी धीमा है । हम चाहते हैं कि सबसे ज़्यादा जो रेवेन्यू देने वाला हमारे धनबाद डिविजन में सीकेबी डिविजन है, इसमें एक नया जोन आपके माध्यम से माननीय मंत्री से माँग करता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।